# संचय
# SANCHAYA

रा ब सं
जनसेवा में 50 वर्षों से अधिक
NSI
Over 50 Years in Service of People

मासिक प्रकाशन | Monthly Publication

जून, 2012 (अंक 219) | June, 2012 (Issue 219)



(बायें से दायें) श्री. अनिल भट्टाचार्य, निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान एवं श्री. रित्विक पाण्डेय, उप सचिव, वित्त मंत्रालय, विश्व बचत बैंक संस्थान की मोरक्को में विश्व काँग्रेस की बैठक के दरम्यान ।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान विश्व बचत बैंक संस्थान द्वारा मराकेश, मोरक्को में आयोजित 13 वी निदेशक मंडल की बैठक एवं जनरल एसेम्बली विश्व काँग्रेस में भाग लिया ।

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने श्री. अनिल भट्टाचार्य, राष्ट्रीय बचत संस्थान प्रमुख, एवं श्री. रित्विक पाण्डेय, उप सचिव, वित्त मंत्रालय को विश्व बचत बैंक संस्थान की निदेशक मंडल की 13 वी बैठक एवं विश्व काँग्रेस की 29 वी बैठक जो मई 9-11, 2012 को मराकेश, मोरक्को में आयोजित हुआ था, में भाग लेने के लिए नामित किया था । इस बैठक का आयोजन विश्व बचत बैंक संस्थान एवं कैसे डे डिपो एट डे जेशन एवं अल बेरिड बैंक (पोस्ट मारोक) ने मिलकर किया था । इस विश्व काँग्रेस के बैठक का विषय था-- "आपके लिए अच्छा बचत एवं खुदरा बैंकिंग का नमूना" । इस विश्व काँग्रेस में श्री. अनिल भट्टाचार्य, प्रमुख, राष्ट्रीय बचत संस्थान ने वित्त तक पहुँच में सुधार एवं निर्धनतम व्यक्तियों को भी राष्ट्रीय बचत आन्दोलन के दायरे में लाने के राष्ट्रीय बचत संस्थान की भूमिकापर प्रकाश डाला । उन्होने यह भी कहा कि 2012-13 में, राष्ट्रीय बचत संस्थान गाँवों एवं देहातो पर अपना ध्यान केन्द्रित करने जा रहा है क्योंकि राष्ट्रीय बचत संस्थान के उत्पादो में 70 प्रतिशत निवेशक गाँवों में रहते है । विश्व काँग्रेस की बैठक का उद्घाटन श्री. जोश अन्टोनियो ओलावरेरा, अध्यक्ष, विश्व बचत बैंक संस्थान ने किया । मि. हसीस, प्रबन्ध निदेशक, जर्मन बचत बैंक का चयन नए अध्यक्ष, विश्व बचत बैंक संस्थान के रूप में हुआ ।

विगत 60 वर्षों से, राष्ट्रीय बचत संस्थान ने ग्रामीण अभियान विभिन्न वित्तीय उत्पादों, अभिकर्ता पद्धती इत्यादि के क्षेत्र में महारत हासिल किया है। जिसका लाभ विकासशील एवं अविकसित देश ले सकते है । वार्ता के दरम्यान कुछ अफ्रीकी देशों ने भारत आकर राष्ट्रीय बचत संस्थान का कार्यकलाप देखने की रूचि दिखाई एवं जिस तरीके से राष्ट्रीय बचत संस्थान ने भारत में राष्ट्रीय बचत योजनाओं को विकसित किया, उसे सीखने की भी इच्छा जताई ।

अन्त में मि.क्रिस डी नूज, प्रबंध निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान ने बाजार की स्थिती एवं वित्तीय सन्दर्भ में विश्व की परिस्थिती के बारे में प्रकाश डाला । मि. हसीस, नए निर्वाचित अध्यक्ष, विश्व बचत संस्थान ने कहा कि विश्व बचत बैंक संस्थान की 30 वी बैठक 2015 में वाशिंगटन डीसी में होगी । इस काँग्रेस में विभिन्न सदस्य देशों के 106 प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जैसे एशिया, अफ्रीका, यूरोप एवं दक्षिण-अमेरिका ।



दिनांक 22 मई 2012 को लखनऊ में आयोजित राज्य समन्वय समिती की बैठक की अध्यक्षता करते हुये, श्री एस. एल. कुरील, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, लखनऊ.

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने विस्तारित एजेन्सियों के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया ।

राज्य सरकारों एवं राष्ट्रीय बचत संस्थान के अधिकारियों, डाक कर्मियों एवं बैंक के कर्मचारियों जो भारत सरकार, वित्त मंत्रालय के राष्ट्रीय बचत उत्पादों की विक्री में बढोत्तरी के लिए काम करते है उन्हे प्रशिक्षण देना एन. एस. आई. के प्रमुख कार्यो में से एक है । अल्प बचत अभिकर्ता, सरकारी बचत उत्पादों एवं निवेशकर्ताओं के बीच मुख्य कडी का काम करते है, इसलिए राष्ट्रीय बचत संस्थान की यह जिम्मेदारी है कि उनके ज्ञान एवं कुशलता में वृद्धि करे जिससे कि वे ज्यादा संकलन कर सके । इसी उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय बचत संस्थान के क्षेत्रीय निदेशकों ने 2011-12 में विस्तारित एजेन्सियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया । राष्ट्रीय बचत संस्थान, बचत संस्थान के अधिकारियों एवं प्रबंध स्कूलों तथा प्रसिद्ध संस्थानों के अतिथियों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया । प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंत में अभिकर्ताओं ने यह विचार व्यक्त किया कि इस प्रकार का प्रशिक्षण सिर्फ क्षेत्रीय निदेशकों के मुख्यालय पर ही नही आयोजित होने चाहिए बल्कि दूर-दराज में रहने वाले अभिकर्ताओ के लिए भी आयोजित होने चाहिए ।




श्री बी. आर. रैगर, क्षेत्रीय निदेशक, रा.ब.सं. जयपुर, प्रशिक्षण शिबिर में अभिकताओं को संबोधित करते हुए । साथमें श्री गुज़रीया, मामलतदार, अल्प बचत, भुज, श्रीमती रागिनी, उप निदेशक, एवं श्री. भरत कोठारी, सहायक निदेशक, रा.ब.सं. जयपुर ।




श्री. के. के. प्रधान, सहायक निदेशक, गुवाहाटी रिजनल सेंटर, स्वयं सहाय्यता समुह के सदस्योंको, वित्तीय साक्षरता की जानकारी देते हुये । साथमें श्री. जे. के. भैसीया, डि.ये. आर पी एल आय., श्री. एम. हुसेन, खंड विकास अधिकारी, डलगांव (गुवाहाटी)।

## कार्यालय अनुस्मरण

**वित्त मंत्रालय (आ.का.वि.) नई दिल्ली अपने पत्र क्रमांक 1/7/2011-एन.एस.-II, दिनांक 26 अप्रैल, 2012 के माध्यम से अल्प बचत योजनाओं में हुए संशोधन को प्रकाशित किया है जिसका विस्तृत विवरण राष्ट्रीय बचत संस्थान के वेबसाईट-एचटीटीपी:// एन एस आई इंडिया. गव्ह. इन पर देखा जा सकता है ।**

| क्रमांक | अधिसूचना क्रमांक एवं तारीख | शीर्षक |
|---|---|---|
| 1 | जी.एस.आर. 318(ई) दिनांक 25-4-2012 | राष्ट्रीय बचत पत्र (VIII वाँ निर्गम) (संशोधन नियम), 2012 |
| 2 | जी.एस.आर. 319(ई) दिनांक 25-4-2012 | राष्ट्रीय बचत पत्र (IX वाँ निर्गम) (संशोधन नियम), 2012 |
| 3 | जी.एस.आर. 320(ई) दिनांक 25-4-2012 | डाकघर आवर्ती जमा (संशोधन नियम), 2012 |
| 4 | जी.एस.आर. 321(ई) दिनांक 25-4-2012 | सीनियर सिटीजन बचत योजना (संशोधन नियम), 2012 |
| 5 | एस.ओ. (ई) दिनांक 25-4-2012 | लोक भविष्य निधी अधिनियम, 1968 (1968 का 23 वाँ) |
| 6 | जी.एस.आर. 322(ई) दिनांक 25-4-2012 | डाकघर मासिक आय खाता संशोधन नियम, 2012 |
| 7 | जी.एस.आर. 323(ई) दिनांक 25-4-2012 | डाकघर सावधि जमा (संशोधन) नियम, 2012 |
| 8 | जी.एस.आर. 264(ई) दिनांक 30-3-2012 | राष्ट्रीय अल्प बचत निधि (संरक्षण एवं निवेश)संशोधन नियम, 2012 |



ग्राम गेजूमऊ, तहसिल अकबरपुर, जिला रमाबाईनगर में आयोजित ग्रामीण बचत अभियान के तहत, श्री कल्याण सिंह, उपनिदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, लखनऊ, बचत योजनाओंकी जानकारी देते हुये । इस अवसरपर श्री एस. एल. कुरील, क्षेत्रीय निदेशक, रा.ब.सं., लखनऊ तथा ग्रामस्थ भी दिखाई दे रहे है ।

# मई, 2012 के लिए अल्प बचत संग्रहण

*(करोड़ रुपये)*

| क्र. सं. | क्षेत्र/राज्य | मई, 2011 तक | | मई, 2012 तक | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | सकल | शुद्ध | सकल | शुद्ध |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 2161.38 | -162.30 | 2154.99 | -121.64 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 3.74 | 0.47 | 26.55 | 5.33 |
| 3 | आसाम | 488.99 | 70.13 | 534.80 | 47.58 |
| 4 | अंदमान निकोबार द्वीप | 11.44 | 6.19 | 6.04 | 0.01 |
| 5 | बेस (आर्मी पोस्ट ऑफीसेस) | 58.32 | 7.57 | 72.30 | 9.14 |
| 6 | बिहार | 1470.93 | 146.78 | 1684.07 | 35.70 |
| 7 | झारखंड | 617.07 | -11.24 | 658.76 | -77.74 |
| 8 | चन्दीगढ़ | 114.46 | -26.18 | 94.78 | 1.87 |
| 9 | दमन एवं दिव | 13.85 | 0.53 | 11.09 | -2.49 |
| 10 | दिल्ली | 1138.29 | -289.07 | 842.92 | -277.83 |
| 11 | गोवा | 83.79 | -3.16 | 74.90 | -21.84 |
| 12 | गुजरात | 2527.84 | -563.80 | 2487.53 | -447.87 |
| 13 | हरियाणा | 890.94 | -88.69 | 879.95 | -63.10 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 551.70 | 35.63 | 672.40 | 121.06 |
| 15 | जम्मू एवं कश्मिर | 281.08 | 6.31 | 341.07 | 27.19 |
| 16 | कर्नाटक | 1173.88 | -272.98 | 1159.92 | -263.19 |
| 17 | केरल | 1004.26 | -60.30 | 994.03 | 19.35 |
| 18 | लक्षदीप | 0.26 | 0.11 | 0.40 | 0.02 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 1034.64 | -42.35 | 1149.32 | 48.36 |
| 20 | छत्तीसगढ़ | 481.81 | -9.12 | 502.35 | -28.51 |
| 21 | महाराष्ट्र | 2781.18 | -292.53 | 2619.85 | -456.36 |
| 22 | मनीपुर | 19.38 | 1.28 | 32.64 | -3.61 |
| 23 | मेघालय | 44.91 | 3.68 | 55.61 | 11.84 |
| 24 | मिझोरम | 32.75 | 3.49 | 63.27 | 30.09 |
| 25 | नागालॅन्ड | 8.18 | 0.55 | 8.07 | -1.09 |
| 26 | ओरीसा | 623.80 | 23.13 | 657.60 | 11.16 |
| 27 | पॉन्डीचेरी | 17.44 | -11.79 | 15.93 | -7.20 |
| 28 | पंजाब | 1494.12 | -334.62 | 1528.02 | -148.11 |
| 29 | राजस्थान | 1406.26 | -337.74 | 1550.85 | -212.74 |
| 30 | सिक्कीम | 14.20 | -1.72 | 19.47 | 0.42 |
| 31 | तमिलनाडु | 1654.01 | -349.14 | 1603.14 | -309.79 |
| 32 | त्रिपुरा | 98.25 | -2.76 | 64.78 | -28.26 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 3084.96 | 22.95 | 3571.78 | 81.23 |
| 34 | उत्तरांचल | 532.10 | 27.16 | 600.03 | 33.34 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 3906.31 | 70.82 | 3813.68 | -219.43 |
| | कुल . . | 29826.52 | -2432.71 | 30552.87 | -2207.12 |

**टिप्पणी**.—डाक विभाग, नई दिल्ली से प्राप्त आंकडे समायोजन के अधीन हैं । इन आंकडों में पी.पी.एफ. एवं एस. सी. एस. एस. (बैंक) संग्रह शामिल नहीं हैं।

शिवराज (डी.जी.पी.एस.), नागपुर.